आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

07.09.2019

आरेडिका ने किया 5 महीने मे 694 कोच का रिकार्ड उत्पादन।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने पिछले 6 वर्षों के प्रथम 05 महीनों के उत्पादन की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 मे सर्वाधिक 694 कोचों का उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इससे पहले वित्तीय वर्ष 2014–15 में 44 कोच, 2015–16 में 97 कोच, 2016–17 मे 175 कोच, 2017–18 मे 210 कोच व 2018–19 के प्रथम 5 महीने में 468 कोच बनाये थे। आरेडिका ने इस वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रथम 05 माह मे 694 कोचों का रिकार्ड उत्पादन किया है जो कि पिछले वित्तीय वर्ष से 48 प्रतिशत अधिक है।

आरेडिका ने स्थापना से अब तक लगातार उत्पादन क्षमता में वृद्वि कर अपने विकास को लगातार बढ़ाते हुए लक्ष्य को न सिर्फ पूरा किया है बल्कि रेलवे बोर्ड के द्वारा दिये गये लक्ष्यों से भी ज्यादा उत्पादन किया है, जिसके लिए आरेडिका को वित्तीय वर्ष 2018–19 में रेल मंत्रालय द्वारा सर्वोत्तम उत्पादन इकाई का अवार्ड प्रदान किया गया।

महाप्रबंधक आरेडिका ने कहा कि टीम आरेडिका के कर्मठ कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक तथा कुशल अधिकारी रेलवे बोर्ड के द्वारा दिये गये उत्पादन लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे।

अमित 07.09.19

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी